"देशबन्धु" रायपुर 25/03/2009

# ओरिएन्टल इंश्योरेंस का क्षेत्रीय कार्यालय उद्घाटित




रायपुर, 24 मार्च। ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के 26वें क्षेत्रीय कार्यालय का रायपुर में आज उद्घाटन हुआ। इस उपलक्ष्य में प्रथम तल, आर.के. प्लाजा, पचपेढ़ी नाका, रिंग रोड नं. 1, रायपुर स्थित नये क्षेत्रीय कार्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया। एस.के. चानना, निदेशक एवं महाप्रबंधक जो रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के ओवरसिइंग महाप्रबंधक भी हैं, ने नये क्षेत्रीय कार्यालय को प्रचालित किया।

इस अवसर पर कंपनी के महाप्रबंधक (विपणन) डॉ. ए.के. सक्सेना ने अपनी उपस्थिति से समारोह को गौरवान्वित किया। इंदौर एवं रायपुर क्षेत्रीय कार्यालयों के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक सर्वश्री अखिलेश मिश्रा एवं डॉ. आर.के. श्रीवास्तव के साथ कंपनी के छत्तीसगढ़ में स्थित कार्यालयों के मंडल प्रबंधक, शाखा प्रबंधक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कंपनी के विशिष्ट ग्राहकों के साथ भूतपूर्व अधिकारी व कर्मचारीगण भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए।

कंपनी के बीमाधारकों एवं आम बीमाजनों को बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से रायपुर में क्षेत्रीय कार्यालय का प्रचालन 1 अप्रैल 2009 से प्रारंभ किया जा रहा है। वर्तमान में कंपनी के छत्तीसगढ़ में 5 मंडल कार्यालय जो रायपुर में 2 तथा बिलासपुर, कोरबा तथा दुर्ग में तथा 9 शाखा कार्यालय संपूर्ण छत्तीसगढ़ में स्थापित हैं। कंपनी के छत्तीसगढ़ में स्थित कार्यालयों की प्रीमियम वर्ष 2007-08 में लगभग 60 करोड़ रुपए थी। ओरिएण्टल का रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ में आम बीमा पब्लिक सेक्टर कंपनियों में से प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय होगा। कंपनी को विशेषकर रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय अपने वर्तमान ग्राहकों के विश्वास के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य में बीमा व्यवसाय के बेहतर विकास की आशा है।

"नवभारत" रायपुर 26/3/09

# ओरिएंटल इंश्योरेंस का 26वां क्षेत्रीय कार्यालय राजधानी में

रायपुर. ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का 26वां क्षेत्रीय कार्यालय राजधानी में शुरू हुआ. आर.के. प्लाजा, प्रथम तल, पचपेड़ी नाका, रिंग रोड में स्थित इस कार्यालय का उद्घाटन एस.के. चानना, निदेशक एवं महाप्रबंधक, जो कि क्षेत्रीय कार्यालय के ओवरसिइंग महाप्रबंधक भी हैं, ने किया. इस अवसर पर कंपनी के महाप्रबंधक (विपणन) डॉ. ए.के. सक्सेना के अलावा इंदौर और रायपुर कार्यालयों के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अखिलेश मिश्रा एवं डॉ. आर.के. श्रीवास्तव के अलावा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे. 12 सितम्बर 1947 को स्थापित ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी आम बीमा व्यवसाय में अग्रणी पब्लिक सेक्टर कंपनी है. इसके देशभर में 1014 कार्यालय हैं. वर्ष 2007-08 में कंपनी ने 97 लाख बीमा पॉलिसियों के माध्यम से 39 सौ करोड़ रूपए का व्यवसाय किया तथा बीमा दावों के तहत 3186 करोड़ रूपए भुगतान करते हुए 442 करोड़ रूपए का करपूर्व लाभ अर्जित किया. राज्य में स्थित कार्यालय पूर्व में इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन संचालित थे, जिनका व्यवसाय 2007-08 में 176 करोड़ रूपए सात लाख पॉलिसियों के माध्यम से अर्जित था. इस अवधि में कंपनी द्वारा 178 करोड़ रूपए दावे के रूप में भुगतान किए गए. नए क्षेत्रीय कार्यालय का प्रचालन 1 अप्रैल से होगा. वर्तमान में कंपनी के छत्तीसगढ़ में 5 मंडल कार्यालय, जो कि रायपुर में दो, बिलासपुर, कोरबा व दुर्ग में एक-एक तथा 9 शाखा कार्यालय संपूर्ण छत्तीसगढ़ में स्थापित हैं.


**दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय,ओरिएण्टल हाउस ए-25/27 आसफअली रोड, नई दिल्ली-110 002

'दैनिक भास्कर' **सूचना** 23/03/09

हम हर्ष सूचित करते है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के बीमाधारकों के असीम विश्वास के फलस्वरूप एवं प्रदेश की जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के उद्धेश्य से कंपनी रायपुर में अपना क्षेत्रीय कार्यालय दिनांक 01 अप्रैल 2009 से प्रथम तल, आर.के. प्लाजा, पचपेढ़ी नाका, रिंग रोड नम्बर 1, रायपुर से प्रचालित करने जा रही है।

क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के माध्यम से हम जन साधारण को त्वरित बीमा सेवा प्रदान करने का आश्वासन देते है।

| एम. रामदास | एस.के. चानना | डॉ. आर.के श्रीवास्तव |
|---|---|---|
| अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | निदेशक एवं महाप्रबंधक | मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक |
| प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली | प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली | क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) |


"नई दुनिया" रायपुर- 26/03/09

# ओरियंटल इंश्योरेंस का क्षेत्रीय कार्यालय प्रारंभ

रायपुर।पचपेढ़ी नाका स्थित आरके प्लाजा में ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड अपने 26 वें क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया। बैंक के निदेशक व महाप्रबंधक एसके चानना ने बताया कि ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी के 1014 कार्यालय है। वर्ष 2007-08 में कंपनी ने 97 लाख बीमा पॉलिसियों के माध्यम से 3900 करोड़ रुपए का व्यवसाय किया तथा बीमा दावों के तहत 3186 करोड़ रुपए का भुगतान किया है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के कार्यालय पहले इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन संचालित थे। इनका व्यवसाय 2007-08 में 176 करोड़ रुपए सात लाख पॉलिसियों द्वारा अर्जित था। इस अवधि में कंपनी ने 178 करोड़ रुपए के दावे का भुगतान किया कंपनी के बीमाधारकों व आम लोगों को बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से ही रायपुर में क्षेत्रीय कार्यालय का प्रचालन एक अप्रैल से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 5 मंडल कार्यालय तथा 9 शाखा कार्यालय हैं।वर्ष 2007-08 में प्रदेश के कार्यालयों की प्रीमियम 60 करोड़ रुपए है।कार्यक्रम में कंपनी के महाप्रबंधक(विपणन)डॉ. एके सक्सेना, क्षेत्रीय प्रबंधक अखिलेश मिश्रा, डॉ. आरके श्रीवास्तव तथा मंडल शाखा प्रबंधक, शाखा प्रबंधक, अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

Central Chronicle Raipur 25/3/09

# Oriental Insurance Company regional office inaugurated



**RAIPUR, MAR 24:** The 26th Regional Office of The Oriental Insurance Company Ltd was inaugurated today at Raipur. A function was organised to commemorate the occasion on March 23 at the New Regional Office premises at 1st Floor, R.K.Plaza, Pachpedi Naka, Ring Road No.1, Raipur. The Director & General Manager Mr S.K. Chanana, who is also the overseeing General Manager for Raipur Regional Office, operationalised the new Regional Office. Dr A K Saxena, General Manager (Marketing) graced the occasion with his august presence. Mr Akhilesh Mishra, Chief Regional Manager, Indore Regional Office, Dr.R.K.Shrivastava, Chief Regional Manager, Raipur Regional Office and all the Divisional Managers, Branch Managers, officers and staff were present on the occasion. The clients and past employees of the company also attended the function.

The Oriental Insurance Company Limited established on 12th September 1947 is a leading public sector General Insurance Company with a pan India presence through its 1014 offices. The Gross Direct Premium of the company stood at Rs 3900 crores in the year 2007-08, incepting about 97 Lakh policies and had paid claims to the tune of Rs 3186 crores. The company's profit (before tax) was Rs 442 crores.

Hitherto, offices of the company situated in the State of Chhatisgarh were being administered by Indore Regional Office. The premium for Indore Region was Rs 176 crores for the fiscal 2007-08; documents incepted 7 lakhs, and claims paid to the tune of Rs.178 crores.

In order to provide better Customer Services to the existing clientele and the insuring public at large, the company is operationalising Regional Office at Raipur with effect from April 01, 2009. The company has 5 Divisional offices at present at Raipur(2), Bilaspur, Durg, Korba and 9 Branch Offices across the state. The company proposes to operationalise 4 new Divisional Offices at Bhilai, Dhamtari, Raipur and Raigarh

The premium for the offices located in Chhattisgarh is Rs.60 crores (approximately) and Oriental Insurance is the first Public Sector General Insurance company to open a Regional Office in the State. With the opening up of the Regional Office at Raipur the company hopes to fulfill the aspirations of the people of Chhattisgarh State. The company shall now be able to provide sophisticated technical assistance and risk analysis support to the industrial units of the State at the local level. The claims disposal will be quicker and all sections of the society including the BPL families, will be provided social security insurance cover through schemes like Rashtriya Swasthya Bima Yojana, Raj Rajesweri Mahila Kalyan Bima Yojana etc.

## ओरियटल इंश्योरेंस का क्षेत्रीय कार्यालय उद्घाटित

रायपुर, 25 मार्च। ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के 26 वें क्षेत्रीय कार्यालय का आज रिंगरोड क्रमांक पचपेढ़ी नाका स्थित आर.के. प्लाजा के प्रथम तल में उद्घाटन हुआ इस अवसर पर एस.के. चानना, निदेशक एवं महाप्रबंधक जो कि रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के ओवरसिइंग महाप्रबंधक भी हैं, नये क्षेत्रीय कार्यालय को प्रचालित किया। कार्यक्रम में कंपनी के महाप्रबंधक (निपणन) डॉ. ए.के. सक्सेना इंदौर एवं रायपुर क्षेत्रीय कार्यालयो के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अखिलेश मिश्रा एवं डॉ. आर.के. श्रीवास्तव के साथ कंपनी के छत्तीसगढ़ में स्थित कार्यालयों के मंडल प्रबंधक शाखा प्रबंधक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। कंपनी के विशिष्ट ग्राहकों के साथ पूर्व अधिकारी व कर्मचारीगण भी इस आयोजन में सम्मिलित हुये।

अमृत संदेश रायपुर 26/3/09

दैनिक भास्कर रायपुर 25/3/09

**बिजनेस प्लस**

## ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ



रायपुर. ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के 26वें क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ पचपेढ़ी नाका स्थित आरके प्लाजा में हुआ है। एसके चानना, निदेशक एवं महाप्रबंधक ने उद्घाटन कार्यक्रम में नए कार्यालय को प्रचालित किया। इस अवसर पर कंपनी के महाप्रबंधक (विपणन) डा. एके सक्सेना एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। क्षेत्रीय कार्यालय का प्रचालन 1 अप्रैल से शुरू होगा। वर्तमान में कंपनी के छत्तीसगढ़ में पांच मंडल कार्यालय और नौ शाखाएं हैं। प्रदेश में स्थित कंपनी के कार्यालयों की प्रीमियम वर्ष 2007-08 में लगभग 60 करोड़ रुपए रहा।